# राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्

## महेन्द्रू, पटना–800006(बिहार)

दिनेश कुमार (IAS)
सचिव सह निदेशक

Tele No: 0612-2370030(O)
E-mail : directorscertbihar@gmail.com

पत्रांक–C/SCI/25/2024/2154

पटना, दिनांक–07/07/2025

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी

विषय :– द्वितीय बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम–2025, मुख्य विषय– "खाद्य सुरक्षा एवं पार्यवरणीय स्वास्थय के लिए प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन" के सफलता पूर्वक आयोजन हेतु आपकी सहभागिता एवं सहयोग का अनुरोध।

महाशय,

यह प्रसन्नता की बात है कि बच्चों के लिए द्वितीय बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम 2025 का आयोजन होने जा रहा है। इसमें प्रतियागिता हेतु राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन होना अपेक्षित है। इसका उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा हाथ एवं दिमाग को साथ लगाकर विज्ञान विधि के इस्तेमाल से शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ावा देना है। बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर श्रृंख्ला बद्ध के रूप में होगा । (सहज अवलोकन हेतु सायंस फॉर सोसायटी बिहार द्वारा विकसित पैम्फलेट संलग्न है।)

1. इस कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर से प्रारम्भ होगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले 7वीं–12वीं कक्षा के बच्चे अपने नवाचारी शोध प्रस्तुत करेंगे जहाँ से उनका चयन राज्य स्तर के लिए किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 50 प्रतिशत बच्चे ग्रामीण क्षेत्र से हों, ऐसा हमारा प्रयास होगा।
2. दिशा निर्देशन/प्रशिक्षण कार्याशालाओं का आयोजन सांयस फॉर सोसायटी, बिहार के निर्देशानुसार संपन्न होगा।
3. जिला स्तर पर कार्यशालाओं के यात्रा एवं दैनिक भत्ता का वहन नियमानुसार विद्यालय कोष से होगा । सरकारी कर्मचारी अपनी यात्रा एवं दैनिक भत्ता अपने स्थापना से प्राप्त करेंगें।
4. जिला स्तर बाल विज्ञान कांग्रेस हेतु शिक्षक अपने मार्गदर्शन में विद्यालय में छात्र/छात्राओं द्वारा समूह (दो सदस्य) में परियोजना तैयार करवायेगें। इसके लिए विद्यालय कोष से 500/रू०(पाँच सौ रूपये) तक सीमा राशि खर्च की जा सकती है।
5. विद्यालय स्तर पर तैयार परियोजना निर्धारित कार्यक्रमानुसार जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस –2025 में भाग लेंगें। जिला स्तर के आयोजन में प्रतिभागि उच्च विद्यालय को 100/रू(एक सौ रूपये) की दर से अंशदान की राशि नगद रूप में जमा करनी होगी। इस राशि का व्यय जिला स्तर पर गठित संचालन/आयोजन समिति द्वारा आवश्यक कार्य में किया जाएगा।
6. जिला स्तर पर चयनित परियोजनाएं, निर्धारित कार्यक्रमानुसार (10–12 दिसम्बर 2025 संभावित), राज्य स्तरीय कार्यक्रम, में बच्चे परियोजना प्रस्तुति में भाग लेंगे।
7. राज्य स्तर में उच्च विद्यालयों के प्रतिभागी बच्चों एवं शिक्षकों के यात्रा भता का भुगतान नियमानुसार विद्यालय कोष से किया जाएगा। प्रतिभागियों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था स्थानीय आयोजन समिति करेंगी।

उपारोक्त तथ्यों के आलोक में कहना है कि इसकी सुचना सभी विद्यालयों को यथाशीघ्र दे दी जाए तथा अधोहस्ताक्षरी एवं अध्यक्ष/महासचिव, सायंस फॉर सोसायटी, जिम्नेजियम के उत्तर, पटना सायंस कॉलेज परिसर, पटना–800005 को अवगत कराया जाय।

सुलभ संदर्श हेतु सायंस फॉर सोसाइटी का पत्र संलग्न है।

विश्वासभाजन

07/7/25

for

सचिव–सह–निदेशक
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना